आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रगति जैसे मंच उत्तर प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित हुए हैं। लखनऊ में आज सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन संबंधी पोर्टल 'प्रगति' से जुड़े पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन कर उभरा है। श्री योगी ने कहा कि प्रगति नये भारत की कार्य संस्कृति का एक नया उदाहरण है और इसके माध्यम से छियासी लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है।

यूपी के अन्दर इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो के रूप में अगर हम देखते हैं तो कुल इस दौरान दस लाख अड़तालीस हजार करोड़ रूप्ये की तीन सौ तीस परियोजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो है, जिसमें परिवहन हैं, पावर है, शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का है, स्वास्थ्य का है, औद्योगिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्र इसमें शामिल हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल के अन्दर गोरखपुर में हजारों करोड़ का निवेश हुआ है और पचास हजार लोगों को रोजगार मिला है। लोग अपने ही जनपद में नौकरियां पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ ताल पर्यटन का केन्द्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई जरूरी दिशा–निर्देश दिये। एक रिपोर्ट–

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्रदेश की आवश्यकता है, लेकिन यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण का संतुलन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री योगी ने निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना के लिए अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों का कटान हो। जितने वृक्ष काटे जाएं, उससे अधिक संख्या में पौधरोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य तय किया गया है। परियोजनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि जिलाधिकारी साप्ताहिक एवं मुख्य सचिव पाक्षिक स्तर पर कार्यों की गहन समीक्षा करें। किसी भी स्तर पर लंबित विषयों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित की इन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सीधा संवाद किया जाए। समाचार कक्ष से अरूण।

****

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों द्वारा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के मामले में जनता को गुमराह करने की आलोचना की है। लखनऊ में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को इस अधिनियम के लाभ बहुत जल्द ही महसूस होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम के प्रावधान ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य और जल संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल इस अधिनियम पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के मामले में टिप्पणी की है। एक रिपोर्ट–

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों और संगठनों के आचरण पर सख्त सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या दया केवल जानवरों तक ही सीमित है और मनुष्यों तक नहीं? न्यायालय ने जवाबदेही पर चिंता जताते हुए कहा है कि यदि लावारिस कुत्ते के हमले में किसी बच्चे की मौत हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले साल जुलाई से इसकी सुनवाई कर रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस संदेश का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सरकार छात्र लैपटॉप योजना दो हजार छब्बीस के अंतर्गत मुफ्त लैपटॉप दे रही है। इस भ्रामक संदेश के अनुसार सरकार लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने को कह रही है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने बताया कि यह दावा फर्जी है और यह एक घोटाले का हिस्सा है।

****

कड़ाके की ठंड, शीतलहर और कोहरे के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में आज धूप ने हल्की राहत दी। दिन में निकली धूप के बावजूद गलन के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में कहीं कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

****